

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 177 ● मुंबई, सोमवार 24 फरवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही, पांच किलो 553 ग्राम गांजा जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अंजना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खेरवाडा व नेत्रपालसिंह पुलिस उप अधीक्षक वृत झाडोल के सुपरविजन में सीताराम थानाधिकारी, फलासिया मय टीम द्वारा दिनांक 22.02.2025 को अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये तुलसीराम पुत्र कन्हैयालाल उर्फ काना निवासी सोम थाना फलासिया के रहवासी मकान से 05 किलो 553 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफतार कर प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। टीम में थानाधिका सीताराम, एएसआई कालुलाल, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल बंशीलाल व जगदीश शामिल थे।

### महिलाओं के लिए विशेष निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**जोधपुर।** सुरेश राठी ग्रुप और निरूपा पटवा अध्यक्ष, जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर में एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को म्यूचुअल फंड और वित्तीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र डांग, सुंदरम म्यूचुअल फंड, दिल्ली के क्षेत्रीय प्रमुख ने म्यूचुअल फंड के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने निवेशकों को म्यूचुअल फंड के लाभ, जोखिम और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। सुरेश राठी ग्रुप के मार्केटिंग प्रमुख दीपक सारडा ने ऑनलाइन म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने सुरेश राठी ग्रुप के एमएफ ऐप के माध्यम से निवेश की सुविधा और इसके फायदों के बारे में विस्तार से बताया।बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख सागर दायमा, ने कंपनी के सभी उत्पादों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने निवेशकों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं के बारे में समझाया। राजस्थान पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता के तहत विशेष सत्र आयोजित किया गया जिसमे अतिरिक्त एसपी सुनील के. पंवार ने भी महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण संबंधी टिप्स दिए और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरुपा पटवा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया

### सुनीता सिंह का उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** वर्दी बाई गणेश लाल पूर्बिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सिनियर नर्सिंग आंफिसर सुनीता सिंह को उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं व उत्तम व्यवहार के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश पूर्बिया द्वारा उपरणा ओढ़ाकर, प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललीत गंधर्व, अनिल जीनगर, राजेन्द्र जोशी,सकीला अंसारी, अर्चना भाटी, पुष्पा मालवारी, चंद्र कांता तलेसरा,तारा राजपूत, रेखा सेन,अरुणा कुमावत व बिंदु चित्तौड़ा उपस्थित थे।

# फतेहसागर पाल पर वर्षों से बंद पड़ा वाटर कूलर, नगर निगम की उदासीनता उजागर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पर्यटन नगरी उदयपुर में सुविधाओं की पोल खोलता एक और मामला सामने आया है। फतेहसागर पाल पर वर्षों से लगा पीने के पानी का कूलर अब महज एक शोपीस बनकर रह गया है। यह स्थान हर दिन हजारों स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार रहता है, लेकिन सार्वजनिक सुविधाओं के नाम पर यहां की स्थिति निराशाजनक बनी हुई है।

नगर निगम, जो जनकल्याण और पर्यटन विकास के बड़े-बड़े दावे करता है, इस मूलभूत सुविधा की अनदेखी कर रहा है। सवाल यह उठता है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं होंगी, तो क्या यह विकास का सही स्वरूप कहा जा सकता है? स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन निगम की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। पर्यटन स्थलों पर शुद्ध पेयजल की सुविधा एक बुनियादी आवश्यकता है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है।





### क्या जागेगा प्रशासन ?

फतेहसागर पाल पर बंद पड़ा वाटर कूलर केवल एक खराब मशीन नहीं, बल्कि नगर निगम की निष्क्रियता और लापरवाह व्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। जब यह मुद्दा जनता और सामाजिक संगठनों के बीच चिंता का विषय बन चुका है, तो क्या नगर निगम इस पर ध्यान देगा? या फिर यह समस्या भी अन्य जनहित के मुद्दों की तरह फाइलों में ही दबी रह जाएगी?

### नागरिकों के अधिकारों का हननः यशवर्धन राणावत



राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जोनल उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने इस मामले पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ÷नगर निगम की लापरवाही अब नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन बनती जा रही है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत को भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जबकि यही निगम जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होता है। यह आधारभूत सुविधाओं और पर्यटन विकास पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है ? अगर यही हाल रहा, तो जनता को आंदोलन के माध्यम से इस विषय को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाना होगा।

### भ्रष्टाचार और लापरवाही का उदाहरणः पवन जैन पदमावत



एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने भी निगम की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा, एक तरफ प्रशासन स्मार्ट सिटी और पर्यटन विकास की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं तक का रखरखाव नहीं हो रहा। यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला है। पर्यटन स्थलों पर पेयजल की सुविधा प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन यह सिर्फ फाइलों में दिखती है, ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है।

## अजमेर में 113 साल पुराने केईएम का नाम बदला, अब महर्षि दयानंद विश्रांति गृह

# देश बदल रहा है, युवा राष्ट्रवादी सोच अपनाएं, 2047 तक विकसित होगा भारतः देवनानी



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है। देश बदल रहा है। युवाओं को राष्ट्रवादी सोच को अपनाकर आगे बढ़ना होगा। देश में गुलामी के प्रतीक चिन्हों के लिए कोई हमदर्दी या जगह नही होनी चाहिए। इसी सोच के साथ काम किया जा रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में काम हो रहा है। राजस्थान तेजी से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ रहा है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जैसे राष्ट्र संत और स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर भवन का नामकरण होना अपने आप में एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। अजमेर में 113 साल पुराने किंग एडवर्ड मेमोरियल गेस्ट हाउस का नाम बदल कर रविवार को महर्षि दयानन्द विश्रांति गृह कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में आयोजित भव्य समारोह में नाम बदलने की औपचारिक प्रक्रिया सम्पन्न हुई । कार्यक्रम में जिला कलक्टर लोक बन्धु सहित सहकारिता, किसान संघ एवं आर्य समाज से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि आजादी के इतने सालों के बाद भी अजमेर में गुलामी के प्रतीक नामों का होना पीड़ादायक था। अजमेर के आम लोगों को इस बात की पीड़ा थी की अजमेर अब भी गुलामी के प्रतीक नामों को ढो रहा है। अब इन नामों को बदलने की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है। पूरी दुनियां में आज भारत का डंका बज रहा है। हम एक सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहे है। अजमेर में केईएम का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह किया गया है। इसी तरह फॉयसागर का नाम बदलकर वरूण सागर और होटल खादिम का नाम बदलकर होटल अजयमेरू किया गया है। नामों का बदलाव हमें हमारी सनातन और विपुल संस्कृति की और आगे बढ़ाएगा। यह आवश्यक है कि हम हमारी संस्कृति और राष्ट्र नायकों को अच्छे से जानें। देवनानी ने कहा कि युवाओं को तेजी से आगे बढ़ कर सशक्त भारत में अपनी भूमिका मजबूती से निभानी होगी। उन्हें राष्ट्रवादी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। देश तेजी से बदल रहा है। हमें भी इस बदलाव को अपनाकर भारत की प्रगति में अपना योगदान देना होगा। भारत विश्व गुरू था, है और रहेगा। विश्व के पास ज्ञान-विज्ञान में जो भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां है, वे भारत की देन है।

## ई-मित्र संचालक के खाते में जमा कराए 11 लाख

# तीन आरोपी पकड़े, लग्जरी कार समेत 34 एटीएम और मोबाइल जब्त

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** जिले के साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है साइबर थाना पुलिस ने एक साइबर ठग गिरोह का खुलासा करते हुए 3 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने एक ईमित्र संचालक के खाते में ठगी की राशि ट्रांसफर करवाई थी। वहीं, पुलिस ने ठगों के कब्जे से एक लग्जरी कार, 34 एटीएम, 12 सिम कार्ड,6 मोबाइल, चार चेकबुक ओर चार बैंक पास बुकों के साथ विदेशी परफ्यूम, घड़ियां और हुक्के जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साइबर थाने के थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि 8 जनवरी को बिलडी गाँव निवासी अनिल कलाल ने अपने चचेरे भाई भावेश कलाल ओर उसके साथी कुलदीप कलाल व प्रदीप कलाल के खिलाफ एक



रिपोर्ट थाने में दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसका चचेरे भाई भावेश कलाल ने लोन की राशि का कहकर उसके खाते में 11 लाख रुपए ठगी के जमा करवाए थे जिसके बाद उसका खाता बैंक ने फ्रिज कर दिया था। रिपोर्ट पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की, लेकिन पकड़ में नहीं आ रहे थे। वहीं, एक आरोपी प्रदीप कलाल ने हाईकोर्ट से अपनी गिरफ्तारी पर स्टे ले रखा था। मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर साइबर थाना पुलिस ने डूंगरपुर निवासी आरोपी भावेश कलाल ओर उसके साथी विजेश कलाल ओर दीक्षित कलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने साइबर ठगों के कब्जे से एक लग्जरी कार, 34 एटीएम, 12 सिम कार्ड, 6 मोबाइल, चार चेकबुक ओर चार बैंक पास बुकों के साथ विदेशी परफ्यूम, घड़ियां और हुक्के जब्त किए है। थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि पूछताछ में सामने आया की आरोपियों ने देशभर में लोगो से डिजिटल अरेस्ट, ई-ट्रेंडिंग, ऑनलाइन जॉब, साइबर बुलिंग के नाम पर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# एक शाम बाईजी के नाम भव्य भजन संध्या आयोजित

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** सलूंबर जिले के गींगला उप तहसील के पुराने बस स्टैंड पर मां बाइजी के नाम पर भव्य भजन संध्या आयोजित की गई भजन संध्या से पूर्व भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमे आसपास के समस्त गांव के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया



आयोजक भरत पांडे सुनील पांडे और अजय पांडे ने प्रसिद्ध भजन गायक भगवत सुथार का माला पगड़ी पहनाकर डीजे की धुन पर भक्तो के साथ स्वागत कर मां बाईजी के मंदिर ले गए जहा भगवत सुथार ने मां का आशीर्वाद लिया इसके बाद आयोजन स्थल पर ले गए जहा हजारों की तादाद में भक्तो के मध्य सर्व प्रथम नरेश सुथार द्वारा गणपति वंदना कर भजन संध्या की शुरुआत की इसके बाद गुरु वंदना करते हुए भजन सतगुरु आया पामना पर सभी को मंत्र मुग्ध किया बाद में बाइजी के एवम श्री राम के जयकारे के साथ वीर हनुमाना अति बलवाना भजन के साथ भक्तो को नाचने पर मजबूर कर दिया बालाजी के वेश में स्वयं जब हनुमानजी प्रांगण में पधारे तो लोगो में भक्ति का अलग ही भाव नजर आया , गींगला धरती पर थारो देवरों बाई जी मोटी माई थारा टाबरीया करे मनवार भजन पर पूरे पंडाल में भक्तगण दोनो हाथ ऊंचे कर नाचने लगे मां बाई जी जब स्वयं शेर की सवारी कर जब बाई जी पधारे आंगने पर भक्त पूरी श्रद्धा से नाचने लगे कई एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## करौली जिले में थाना सदर हिण्डौन पुलिस की बडी कार्रवाई

# फायरिंग कर हत्या के प्रयास का आरोपी रविन्द्र उर्फ हिटलर गिरफ्तार

आरोपी के विरूद्ध एक दर्जन से अधिक मुकदमे है दर्ज

पुरानी रंजिश को लेकर दुकान पर बैठी वृद्धा पर कर दिया था अवैध पिस्टल से फायर

आरोपी पर जयपुर के चार थानों में भी दर्ज है चोरी के मुकदमे

● पदमावत मीडिया

**करौली ।** जिले की थाना सदर हिंडौन पुलिस ने 19 फरवरी को थाना क्षेत्र के कोटरी गांव में दुकान पर बैठी एक 50 वर्षीय वृद्ध महिला पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर मीना पुत्र दुर्गा लाल (23) निवासी पालनपुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 26 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना के संबंध में कोटरी गांव निवासी महिला रेशम जाटव (50) द्वारा रिपोर्ट दी गई की 19 फरवरी की रात करीब 7-8 बजे वह अपने परचूनी की दुकान में बैठी थी। उसका बेटा



विनोद शौच के लिए खेत में गया था। इसी बीच आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर मीना और उसके साथ दो-तीन अन्य व्यक्ति बाइक पर दुकान पर आए और 5 सिगरेट लेकर 50 रुपये दे दिए। उसके बाद इन्होंने उसके बेटे विनोद के बारे में पूछा। बेटे के शौच जाने की कहने पर हिटलर उखड़ गया और गाली देने लगा। उनकी गाली सुनकर वह अपने घर की तरफ जाने लगी तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल से उसके ऊपर फायर कर दिया। गोली उसके बाएं पैर की पिंडली के ऊपर की तरफ लगी। गोली की आवाज सुनकर उसका बेटा विनोद और अन्य लोग वहां आए तो उन्हें देख आरोपी रविंद्र और उसके साथी बाइक लेकर वहां से भाग गए। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने उस पर फायरिंग की है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई बनय सिह द्वारा शुरू की गई घटना की सूचना मिलते ही सीओ गिरधर सिंह व एसएचओ पुरूषोतम लाल मय टीम के तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी उपाध्याय के निर्देश पर सीओ गिरधर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर तीन टीमे एएसआई बदन सिंह, रजन लाल एवं हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश का गठन किया गया।

गठित टीमो द्वारा आरोपियों की तलाश में करौली जिले के गांव पालनपुर, आगरी, पीलोदा, बजीरपुर, गंगापुरसिटी, दौसा के महुआ एवं भरतपुर के निठार में दबिश दी गई। तकनीकी संसाधानो का उपयोग कर नामजद मुख्य आरोपी रविन्द्र उर्फ हिटलर मीना को भरतपुर से डिटेन कर पूछताछ के बाद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 26 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर रखा गया है।

### जयपुर के चार थानों में दर्ज हैं चोरी के चार मुकदमे

आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर के विरुद्ध जयपुर के थाना प्रताप नगर, मालवीय नगर, बजाज नगर एवं झोटवाड़ा तथा करौली जिले में थाना सदर हिंडौन, कोतवाली एवं मेहंदीपुर बालाजी में आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट, मारपीट, फायरिंग कर जानलेवा हमला करने संबंधित कुल 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

## सलूंबर प्रभारी मंत्री ने बैठक लेकर बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अधिकारी पूरी तरह गंभीर रहें और तत्परता दिखाएं: प्रभारी मंत्री

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** सलूंबर जिला प्रभारी मंत्री एवं राजस्व व उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री का यही विजन है कि सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाए। हेमन्त मीणा रविवार को सलूंबर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों से बजट घोषणाओं को लेकर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा।

### सरकार घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर गंभीर

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में बजट घोषणाओं के अनुसार काम में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक



पहुंचाने को प्राथमिकता दे।

### अधिकारी गंभीरता से करें कार्य : प्रभारी सचिव

संभागीय आयुक्त एवं सलूंबर प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभागाधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता से करें और कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा अनुसार आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण समय पर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और भूमि चयन करते हुए आमजन कि सुविधाओं और पहुंच का ध्यान रखें। बैठक में जिला कलक्टर अवधेश मीना ने विभागवार योजनाओं व विभिन्न कार्यों की प्रगति के बारे में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया।

### जन आकांक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरेगा लोक कल्याणकारी बजटः हेमन्त मीणा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में हर वर्ग हर तबके के लिए सौगातें दी हैं। बात चाहे युवाओं के रोजगार के सपने को साकार करने का संकल्प, महिला, युवा, किसान तथा गरीब को समर्पित बजट में सभी वर्गों को संबल दिया गया है, जिससे विकसित राजस्थान के सपने को मूर्त रूप मिल सकेगा। प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने वाला बजट 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा और उन्होंने कहा कि सलूंबर नवीन जिला हे इसलिए पहली प्राथमिकता भूमि आवंटन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा और एक बेहतरीन जिले का निर्माण किया जाएगा। मीणा ने यह बात रविवार को जिला कलक्ट्रेट कक्ष में सांसद मन्नालाल रावत के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। वहीं, सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की इच्छाशक्ति हमने संकल्प पत्र में अभिव्यक्त की थी, उन वादों को पूरा करने के मजबूत इरादों की झलक इस बजट में देखने को मिली है।

राजस्थान सरकार का लोक कल्याणकारी बजट सलूंबर की तस्वीर में विकास के रंग भरेगा। रावत ने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स से ना केवल जिले में निवेश की संभावनाएं बढ़ाएंगे बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने का भी काम करेंगे।महाविद्यालय में नवीन विषय से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर विकल्प प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 2027 तक विकसित भारत की संकल्पना को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विजन को पूर्ण किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, सांसद मन्नालाल रावत, प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी,जिला कलक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, पीआरओ पुष्पक मीणा, सुरेश टेलर दैनिक भास्कर, देवानंद दमामी दैनिक नवज्योति, योगेश शर्मा दूरदर्शन ने शिरकत की। बैठक में सांसद उदयपुर मन्नालाल रावत, प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत उपस्थित रहे।

# कवि सम्मेलन मे खूब जमा रंग वरिष्ठ कवियों के संग



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लोकजन सेवा संस्थान के पांच दिवसीय महाराणा भूपाल सिंह जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन श्रमजीवी महाविद्यालय के सोमानी सभागार मे आयोजित कवि सम्मेलन मे वरिष्ठ कवि पुरुषोत्तम पल्लव, भवानी शंकर गौड़, शायर इक़बाल सागर, डॉ मधु अग्रवाल, डॉ हिम्मत सिंह उज्जवल सहित अन्य कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाऐ सुना श्रोताओं का दिल जीत लिया डॉ विमल शर्मा की सरस्वती वंदना से शुरू हुए काव्य पाठ मे भवानी शंकर गौड़ , पुरुषोत्तम पालव व इक़बाल सागर ने महाराणा भूपाल सिंह जी को नजदीक से देखने व जानने के अहोभाग्य से ओत प्रोत समकालीन परिदृश्य की रचना सुना उस युग की सैर कराई, तो मधु अग्रवाल ने मेवाड़ की वीरांगनाओ का सुन्दर चित्रण किया व हिम्मत सिंह उज्जवल ने राजस्थानी भाषा का यशोगन करती कविता पर खूब वाह वही पाई नये उभरते गुलज़ार अहमद, महोम्मद फरुख, ओमान, डॉ अनिल शर्मा की प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा इस अवसर पर हिम्मत सिंह उज्जवल को राजस्थानी लेखन एवं राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के 30 वर्ष के संघर्ष के लिये उदय सिंह सम्मान÷ दिया गया जिसमे प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद राशि प्रदान की गयी संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो उमाशंकर शर्मा ने की व विशिष्ट अतिथी ब्रिगेडीयर डॉ सवाई सिँह जेतावत, व प्रो मिलाल मांडोत थे डॉ जय राज आचार्य ने संस्थान का परिचय व आलेख प्रस्तुत किया, संचालन महासचिव जय किशन चौबे ने किया व दिलीप रावत ने आभार व्यक्त किया मनोहर मुंदडा, डॉ जे के ओझा, डॉ रमाकांत, डॉ राजेंद्र नाथ पुरोहित, सुनील त्रिपाठी, राजमल चौधरी, इंद्र सिंह राणावत, उर्मिला त्रिपाठी, सपना वर्मा आदि का कार्यक्रम कोई सफल बनाने मे विशेष सहयोग रहा।

# विषय का चयन करियर निर्माण की पहली सीढ़ीः दवे



● पदमावत मीडिया

उदयपुर। पीएम राजकीय गोवर्धन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथद्वारा में बालकों के स्वर्णिम भविष्य की निर्माण की नींव रखने हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गयी,जिसमें उच्च कक्षाओं के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर सेमिनार के मुख्य अतिथि करिअर काउंसलर,मोटिवेशनल स्पीकर एवं विफा प्रदेश शिक्षा रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. एच.आर.दवे ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों के करियर निर्माण में विषय चयन पहली सीढ़ी है इसलिए विषय चयन अपनी रुचि के अनुसार किया जाना चाहिए। दवे ने विद्यार्थी किस प्रकार अपना स्कोर सुधार कर मेरिट में उच्च स्थान प्राप्त करे, सभी विषयों में किस प्रकार अधिकतम मार्क्स प्राप्त किया जाए तथा अपने स्वर्णिम भविष्य के चुनाव के लिए उपयुक्त विषयों का चयन किस प्रकार हो कि वे जीवन में सफलता के साथ -साथ संतुष्टि प्राप्त करने के उपयुक्त टिप्स दिए। दवे ने विद्यार्थियों को सरल एवं सहज रूप से आकर्षित करने वाले शब्दों में बहुत ही बखूबी से कई दृष्टांत एवं वार्तालाप द्वारा समझाया. सफलता में संकाय चयन एवं विषयों में अभिरुचि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालकों को करिअर चयन में एवं अध्ययन में आने वाली बाधाओ के बारे में मुख्य वक्ता अनुराग त्रिपाठी द्वारा विस्तृत चर्चा की गई. । प्रारंभ में संस्था प्रधान श्रीमती लीना भट्ट द्वारा अतिथियों का उपरना पहना कर स्वागत किया गया था तथा अपने उद्बोधन भाषण में कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों में करिअर एवं विषय चयन की जागरूकता पर बल देना ही इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य है . इस अवसर पर विद्वान् शिक्षक,विदुषी शिक्षिकाएँ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त ने तेजानंद बिहारी मंदिर में किए दर्शन इसके पश्चात एकलव्य मॉडल विद्यालय का किया निरीक्षण

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी रविवार को तेजानंद बिहारी मंदिर सलूंबर में दर्शन किए और उन्होंने मंदिर परिसर का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर अवधेश मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात उन्होंने एकलव्य मॉडल विद्यालय बरोडा का किया निरीक्षण और स्कूल के विद्यार्थियों से शैक्षिक स्तर की जांच की तथा यहां विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप किया। विद्यालय में मिलने वाले भोजन, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और इसकी गुणवत्ता तथा वितरण नियमानुसार करने के निर्देश प्रदान किए। साप्ताहिक मीनू की जानकारी ली गई। विद्यालय में उपलब्ध



सुविधाओं का अवलोकन किया।उन्होंने विद्यालय में सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, परिसरों की समय-समय पर सफाई कराने, खाली जगहों पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप कर उनका शैक्षिक स्तर जांचा। विद्यार्थियों के गृहकार्य के साथ-साथ कक्षा कार्य को भी देखा। कक्षा कक्ष में पढ़ाए जा रहे अध्याय के सम्बन्ध में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर उचित पाया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय रिकार्ड, विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला कलेक्टर अवधेश मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, आयुक्त गणपत लाल खटीक, वेद प्रकाश टीएडी विभाग, डॉ जितेन्द्र जोशी आयुर्वेद विभाग, कालूराम मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी ने एकता से जोड़ा महाकुंभ, भारत की धार्मिक परंपराओं का मजाक उड़ाने वालों की निंदा की



**पदमावत मीडिया, छतरपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ पर आलोचनात्मक टिप्पणियों को लेकर नेताओं के एक वर्ग को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गुलाम मानसिकता वाले लोग विदेशी ताकतों के समर्थन से देश की धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला करते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र और कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए प्रयागराज में जारी महाकुंभ को '' एकता का महाकुंभ करार दिया। मोदी ने प्रयागराज में 144 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ के धार्मिक महत्व को रेखांकित किया।

# प्रमुख शासन सचिव ने ली बैठक

## जयपुर में एक्सीलेंस सेंटर, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस, जोधपुर में पेट्रो केम्पस से माइंस सेक्टर में आरएण्डडी को मिलेगा बढ़ावा, माइंस सेक्टर होगा बूस्टअपः टी. रविकान्त

**उदयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर में एक्सीलेंस सेंटर, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस और जोधपुर में एमबीएम यूनिवर्सिटी में पेट्रो केम्पस की स्थापना के साथ ही राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन लि. के गठन की घोषणा से प्रदेश के माइंस सेक्टर को नई दिषा, एक्सप्लोरेशन को गति और नई पीढ़ी को खनन क्षेत्र के नवीनतम शोध-अध्ययन के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि माइंस विभाग ने बजट घोषणाओं की समयवद्ध क्रियान्विति के लिए रोड़मेप तैयार करने और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना शुरु कर दिया है। प्रमुख सचिव माइंस एवं प्रभारी सचिव उदयपुर टी. रविकान्त को उदयपुर में निदेशक माइंस दीपक तंवर व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में माइंस सेक्टर में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। राज्य में नई खनिज नीति, एम सेण्ड नीति के साथ ही नियमों व प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। माइनिंग ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी में आज राजस्थान देश में शीर्ष पर आ गया है और पिछले दिनों उडीसा के कोणार्क में आयोजित देश के खान मंत्रियों



के सम्मेलन में राजस्थान की उत्कृष्ट उपलब्धि पर सम्मानित किया गया है। रविकान्त ने अधिकारियों से रेवेन्यू लक्ष्यों की शतप्रतिशत अर्जित करने के निर्देश देते हुए रेवेन्यू छीजत पर प्रभावी रोक और राजस्व अर्जन का नया रेकार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है। इसके लिए एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन, ब्लॉक तैयार करने और योजनावद्ध ई नीलामी की रणनीति बनानी होगी। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा 23 प्रतिशत विकास दर के साथ रेकार्ड राजस्व अर्जन कर लिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत उपलब्धि के साथ ही राजस्व अर्जन का नया इतिहास बनाया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक माइंस महेश माथुर ने बताया कि माइनर और मेजर ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी जारी है वहीं अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी है। मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनके सिंह ने एक्सप्लोरेशन और खनिज ब्लॉकों की तैयारी की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने विधानसभा प्रश्नों का समय पर उत्तर भिजवाने, नीलाम खानों को परिचालन में लाने, ऑक्शन की तैयारी, क्लोजिंग एरर, आईटी सिस्टम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त निदेशक पीआर आमेटा, मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनपी सिंह, एडीजी गोपालाराम, एसएमई धर्मेन्द्र लोहार, कमलेश्वर बारेगामा, एसपी शर्मा, टीए सतीष आर्य, एमई उदयपुर आसिफ अंसारी सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## प्रबुद्धजन सम्मेलन में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने की शिरकत

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रधानमंत्री की योजनाओं और बजट घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष मान सिंह बारहठ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। सांसद मेवाड़ ने कहा कि इस बजट में सरकार ने गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सस्ती एवं सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। सरकार का उद्देश्य देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करना है। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय (यानी पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर एक लाख रुपये की औसत आय) पर कोई आयकर देय नहीं होगा।5,000 रुपये की मानक कटौती के कारण



वेतनभोगी आयकर दाताओं के लिए सीमा 12.75 लाख रुपये की होगी।÷ उन्होंने कहा कि स्लैब दरों में कटौती के कारण मिलने वाले लाभों के अलावा कर में छूट इस ढंग से प्रदान की जा रही है कि उनके द्वारा कर का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई कर संरचना मध्यम वर्ग के लिए व्यापक रूप से करों के बोझ को कम करेगी और उनके हाथों में ज्यादा धन उपलब्ध कराएगी, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा सांसद ने कहा कि केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के तहत 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। 'ग्रामीण समृद्धि और लचीला निर्माण' कार्यक्रम के माध्यम से कृषि में निवेश, कौशल विकास और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने तूर, उड़द और मसूर जैसी दलहन फसलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6-वर्षीय मिशन की शुरुआत की है। इसके अलावा,



फलों और सब्जियों के उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंड में संशोधन किया गया है, जिससे अधिक उद्यमियों को इस श्रेणी का लाभ मिल सके। 'सूक्ष्म उद्यम क्रेडिट कार्ड' योजना के तहत पंजीकृत उद्यमों को 5 लाख रुपये तक का कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाएगा। महिला, अनुसूचित जाति और जनजाति के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए 2 करोड़ रुपये तक के सावधि ॠण की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, 'फुटवियर और लेदर उद्योग' को बढ़ावा देने के लिए 22 लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत को 'वैश्विक खिलौना केंद्र' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के तहत राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। सांसद ने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधारों की घोषणा की गई है। सरकार अगले 5 वर्षों में 50,000 'अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं' स्थापित करेगी। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। भारतीय भाषाओं में डिजिटल पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए 'भारतीय भाषा पुस्तक योजना' शुरू की जाएगी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, 5 आईआईटी में 6,500 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा में सुधार के तहत अगले 5 वर्षों में5,000 सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वर्ष 2025-26 में 10,000 सीटें जोड़ी जाएंगी। सरकार ने सभी जिला अस्पतालों में 'डे-केयर कैंसर केंद्र' खोलने की घोषणा की है, जिसके पहले चरण में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार अवसंरचना के विकास के लिए निजी भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है। राज्यों को ब्याज-मुक्त ॠण के रूप में डेढ़ लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जल जीवन मिशन के लिए आवंटन बढ़ाया गया है, जिससे 2028 तक हर घर जल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। बिहार में 'ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट' की घोषणा की गई है, और पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 'परमाणु ऊर्जा मिशन' के तहत 2033 तक 5 स्वदेशी विकसित छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर संचालित करने की योजना बनाई गई है। रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'डीप टेक फंड ऑफ फंड्स' की स्थापना की है, जिससे स्टार्टअप्स को सहयोग मिलेगा। अनुसंधान एवं नवाचार के लिए 20,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। कृषि अनुसंधान को मजबूत करने के लिए 'फसल जर्मप्लाज्म जीन बैंक' स्थापित किया जाएगा। 'भारत ट्रेडनेट' के माध्यम से व्यापार प्रलेखन और वित्तीय लेन-देन को सुगम बनाया जाएगा। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100त्न करने का प्रस्ताव किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में बड़े निवेश आकर्षित किए जा सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समावेशी और विकासोन्मुखी है। इसमें गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे इस बजट की नीतियों और योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि देश के प्रत्येक नागरिक को इनका लाभ मिल सके।

## राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत ने ली बजट घोषणाओं को लेकर बैठक

# हर जन के कल्याण को लेकर समर्पित है डबल इंजन की सरकार:लाखावत

● पदमावत मीडिया

**राजसमन्द।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2027 के संकल्प को पूरा करने के लिए यह जरूरी है कि हम सभी अपना दायित्व कर्मठता से निभाएं। सभी मिलकर आपसी समन्वय से राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 का जल्द से जल्द क्रियान्वयन करें। वे रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 एवं 2025-26 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, जिला प्रभारी सचिव वरिष्ठ आईएएस भगवती प्रसाद कलाल, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा आदि उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान लाखावत ने कहा कि बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग जमीन पर जुट जाएं। जिन घोषणाओं में भूखंड की जरूरत हो, वहाँ आवंटन संबंधी प्रक्रिया को समन्वय के साथ पूर्ण कराएं। जहां उच्च स्तर से समन्वय करना हो वहाँ समन्वय कर लंबित कार्य पूर्ण करें।

### समयबद्ध क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः लाखावत

लाखावत ने जिले की प्रगति पर संतोष जाहीर करते हुए यह निर्देश दिए कि सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी उच्च स्तर से संवाद स्थापित करते हुए फ़ाइलें समय पर क्लियर कराएं और घोषणाओं को धरातल पर उतारें ताकि आमजन को समुचित ढंग से इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली बैठक तक सभी पेंडिंग काम शुरू हो जाएं, जो काम चल रहे हैं वे पूर्ण हो जाएं और जो पूर्ण हो जाएं उनका लोकार्पण हो जाए। जब घोषणाएं धरातल पर उतरेंगी तब आम आदमी विकास की गंगा से लाभान्वित महसूस करेगा। विकास में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी जरूरी है, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन प्रतिबद्धता से इस दिशा में कार्य कर रहा है।

### हाथों-हाथ उच्चाधिकारियों से फोन पर की बात

लाखावत ने बैठक के दौरान ही उन विभागों के निदेशकों, अतिरिक्त निदेशकों आदि से फोन पर बात की जिन मामलों में कोई न कोई स्वीकृति जयपुर स्तर पर लंबित है। उच्चाधिकारियों से बात कर लाखावत ने राजसमंद जिले की घोषणाओं से संबंधित फ़ाइलें शीघ्र क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के तहत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र आदि के क्रमोन्नयन को लेकर फ़ाइलें जयपुर पेंडिंग होने पर निदेशक जन स्वास्थ्य रवि शर्मा से फोन पर बात की। ऐसे ही आयुर्वेद औषधालय भीम के चिकित्सालय में क्रमोन्नयन को लेकर अतिरिक्त निदेशक डॉ आनंद शर्मा से बात की। आइटीआई नाथद्वारा में सुविधाओं के विस्तार में आ रही समस्याओं को लेकर निदेशक जोधपुर से फोन पर हाथों-हाथ बात की। नवीन जीएसएस स्थापित करने के कार्यों में तेज गति से प्रगति लाने को लेकर उच्चाधिकारी को फोन पर त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसी तरह बेड़च का नाका, आर के अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार, स्टोन मंडी, जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना, विभिन्न सड़क विकास एवं चौड़ाईकरण कार्यों आदि को लेकर भी विस्तृत चर्चा की।



### जनकल्याण को समर्पित है सरकारः लाखावत

बैठक के पश्चात लाखावत ने मीडिया को संबोधित करते हुए राज्यभर में और विशेष रूप से राजसमंद जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का बजट 2025-26 बड़ा कदम साबित होने जा रहा है। वे यह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए इस बजट से राजस्थान विकसित राज्य की श्रेणी में अग्रसर होगा। राज्य सरकार का बजट अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। सर्वजनहिताय बजट राजस्थान के जन-जन और प्रदेश के कण-कण को समर्पित है। यह बजट राज्य का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करेगा। लाखावत ने बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के तहत भीम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धांसरिया, जालपा में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा। 30 करोड़ की लागत से राजसमन्द तथा कुम्भलगढ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाइवे व सड़क निर्माण कार्य केलवा एनएच-8 से आमेट तक 18 किमी. सड़क एमडीआर-77 का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा। 40 करोड़ की लागत से भीम, कुम्भलगढ, राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाइवे व सड़क निर्माण कार्य मादरी एसएच.12 से लसानी ताल एनएच-8 वाया आमेट देवगढ़ एसएच-56 का कुल 40 किमी. का कार्य सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार से 6 करोड़ की लागत से कुम्भलगढ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चारभुजा सेवन्त्री 10 किमी सड़क का डामरीकरण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा।.80 करोड़ की लागत से राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बडारडा पुठिया से सायड़ा भील बस्ती नहर होते हुए फरारा महादेव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा। राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नाथद्वारा नगर में सीवरेज तथा ड्रेनेज सिस्टम संबंधी कार्य होंगे। पिपलांत्री में ग्रामीण पर्यटन के विकास की दृष्टि से कार्य होंगे। भीम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय भीम में नवीन वाणिज्य संकाय खोला जाएगा। साथ ही राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आत्मा तथा सांगठकला के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किया जाएगा। राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आर. के. जिला चिकित्सालय राजसमंद में बेड क्षमता में वृद्धि की जाएगी। भीम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दातों का देव में एनिकट निर्माण, मरम्मत कार्य जल संसाधन विभाग की ओर से किया जाएगा। भीम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भोपाल सागर में लघु सिंचाई परियोजना का कार्य जल संसाधन विभाग की ओर से किया जाएगा। राजसमंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सांगठ बांध में लघु सिंचाई परियोजना का कार्य जल संसाधन विभाग की ओर से किया जाएगा। भीम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुंडेली बांध/नहर प्रणाली में नहरों के निर्माण, मरम्मत कार्य का कार्य जल संसाधन विभाग की ओर से किया जाएगा। नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माताजी का खेड़ा तालाब की चावण्डिया नहर से संबंधित निर्माण, मरम्मत कार्य किया जाएगा। राजसमंद तथा नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला दुग्ध संघ एवं पशु आहार संयंत्र सम्बन्धी कार्य नवीन बायपास प्रोटीन पशु आहार संयंत्र के रूप में पशुपालन विभाग द्वारा किया जाएगा। नाथद्वारा नगर को केंद्र की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर आगामी 3 वर्षा में क्लीन एंड ग्रीन (इको सिटी) के रूप में विकसित किया जाएगा। यह कार्य स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किया जाएगा। लाखावत ने कहा कि यह बजट सरकार की सर्वजन हिताय की सोच को दर्शाता है। बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए पूरा सरकारी महकमा तत्परता से जुट गया है। हम इन घोषणाओं को समय पर पूरा करेंगे।

### सोमवार को दीवेर-हल्दीघाटी जाएंगे लखावत

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत सोमवार 24 फरवरी को सुबह 11꞉50 पर दीवेर एवं दोपहर 2꞉30 बजे हल्दीघाटी पहुँच कर महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास हेतु आर्किटेक्ट एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ मौके पर विचार विमर्श करेंगे। यहाँ से वे गोगुंदा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा की पत्रकार वार्ता

# युवा भ्रमित न हों, मेहनत करें, परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए सरकार कटिबद्धः प्रभारी मंत्री




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के प्रभारी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर है। राज्य बजट बजट 2025-26 में जहां एक तरह ढांचागत विकास पर फोकस किया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रत्येक वर्ग के हितों का भी ध्यान रखा है। प्रदेश के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित और सवंर्धित करने को भी प्राथमिकता दी गई है। प्रभारी मंत्री मीणा रविवार को उदयपुर में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के उपरान्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व में आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की समस्या रही, लेकिन हमारी सरकार ने इस पर पूर्ण अंकुश लगाया है। आगामी समय में एक लाख से अधिक पदों पर विभिन्न भर्ती परीक्षाएं होनी हैं। युवा भ्रमित नहीं हो, पूरी मेहनत करें। सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि सभी परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ आयोजित होंगी। प्रभारी मंत्री ने बजट में उदयपुर को मिली सौगातों का जिक्र करते हुए कहा कि उदयपुर के ऋषभदेव सहित दक्षिणी राजस्थान के महत्पवूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों को शामिल करते हुए 100 करोड़ की लागत से ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जएगा। उदयपुर शहर में जलपूर्ति के सर्विस लेवल, सप्लाई अंतराल व प्रेशर में सुधार संबंधी कार्य होंगे। उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा ढांचागत विकास, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने, पर्यटन विकास, शैक्षिक उन्नयन, खेल सहित सभी क्षेत्रों में उदयपुर में अभूतपूर्व सौगातें मिली हैं। बहुमंजिला इमारतों के लिए जलापूर्ति की समस्या से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन की शुरूआत की है। इससे इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। बिजली से जुड़े सवाल का उत्तर देते हुए प्रभारी मंत्री ने आमजन को आश्वस्त किया कि 100 यूनिट निःशुल्क बिजली यथावत रहेगी। प्रेसवार्ता के दौरान सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली आदि भी उपस्थित रहे।

### बजट में उदयपुर को मिली सौंगातें

प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री ने बताया कि 100 करोड़ की लागत से ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट में उदयपुर के ऋषभदेव को शामिल किया गया है। उदयपुर शहर में जलपूर्ति के सर्विस लेवल, सप्लाई अंतराल व प्रेशर में सुधार संबंधी कार्य होंगे। उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी। भारोड़ी से पलानाकलां वाया छोटी खेड़ी मोटी खेड़ी होते हुए भानसोल एनएच तक सड़क (8 किमी.) (मावली)- उदयपुर- 16 करोड़ रूपये का प्रावधान राज्य बजट में किया गया है। इसके अलावा मेजर डिस्ट्रीक्ट रोड सुदृढ़ीकरण के तहत कोटड़ा क्षेत्र में (11 किमी.) सड़क का सुदृढ़ीकरण, 70 करोड़ रूपये की लागत से भीण्डर से पाणुन्दफिला, भमरासिया से कुराबड़ एमडीआर सड़क का पुनर्निमाण व चौड़ाईकरण, उदयपुर में बलीचा तिराहे पर फोरलेन फ्लाईओवर का निर्माण कार्य, रामगिरी पहाड़ी बड़गांव, उदयपुर को ऑक्सीजन हब बनाते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर, पानेरियों की मादड़ी आवासीय योजना, उदयपुर में 200 फ्लैट्स की योजना, कोटड़ा, झाडोल में रोडवेज बस स्टैण्ड संबंधित कार्य, सीवर लाइनों के अंदर सीसीटीवी के द्वारा कंडीशन एसेसमेंट करवाकर क्षतिग्रस्त भाग को बिना सड़क की खुदाई करे ट्रेंचलेस मैथ्ड से बदलने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार नवरत्न कॉलोनी, उदयपुर में सीवरेज लाइन व कनेक्शन का कार्य, उदयपुर शहर व आसपास के कस्बों में पर्यटन, हैरिटेज, कमांड कंट्रोल सेंटर व बाढ़ प्रबंधन संबंधी कार्य, नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन, उदयपुर में ट्रेवल मार्ट्स का आयोजन, उदयपुर के धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार व विकास कार्य, उदयपुर में हॉप ऑन, हॉप ऑफ बस सेवा, कानोड़ में राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर में वैदिक गुरूकुल एवं वैदिक पर्यटन केन्द्रों की स्थापना, उदयपुर संभाग में पैरा स्पोर्ट्स के लिए स्पेशल स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स, स्पोर्ट्स स्कूल/कॉम्प्लेक्स संबंधी कार्य, लेक्रोज एकेडमी की स्थापना, गोगुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत, गागुन्दा में ट्रॉमा सेंटर बनेगा। प्रभारी मंत्री ने बताया कि उदयपुर मेडिकल कॉलेज में 120 बैड क्षमता के स्पाइनल इंजरी सेंटर की क्षमता वृद्धि की जाएगी। उदयपुर में खुला बंदी शिविर (पेट्रोल पम्प) भी स्थापित किया जाएगा। माही, जाखम, मंडूर नदी पर एनिकट निर्माण/मरम्मत कार्य, खरताना बांध (मावली) नहरों का निर्माण व मरम्मत कार्य, उदयपुर में नवीन दुग्ध संयंत्र बनेगा। नवीन बाइपास प्रोटीन पशु आहार संयंत्र स्थापना भी प्रस्तावित की है। अमरख महादेव-उदयपुर क्षेत्र में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व बनेगा। प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर युवाओं को हॉस्पिटेलिटी के क्षेत्र में स्किल अपग्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हॉस्पिटेलिटी स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। युवाओं को फ्यूचर रेडी इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए प्रत्येक संभाग में सेंटर फोर एडवांस स्किल एण्ड करियर कांउसलिंग की स्थापना, सभी संभाग मुख्यालयों पर 50 बेडेड सरस्वती हाफ वे होम तथा प्रत्येक जिला मुख्यालय पर वेस्ट टू वेल्थ पार्क की स्थापना भी की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव ने ली बजट घोषणा क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर जिले के प्रभारी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री श्री हेमन्त मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्यरत है। बजट 2025-26 में सरकार ने युवा, कृषक, मजदूर वर्ग, महिलाओं सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए घोषणाएं की हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि वे आपसी समन्वय से काम करते हुए गांव-गरीब-शोषित तक सरकार की योजनाओं और घोषणाओं का लाभ समय पर पहुंचाएं। प्रभारी मंत्री श्री मीणा रविवार को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिषद सभागार में प्रभारी सचिव टी. रविकांत की उपस्थिति में बजट घोषणा - 2025-26 के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय की स्पष्ट मंशा है कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में विलंब नहीं होना चाहिए, इसलिए रविवार का अवकाश होने के बावजूद प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिवों को अपने-अपने जिलों में भेज कर समीक्षा बैठकें ली जा रही हैं। सरकार योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह से संकल्पित है। प्रभारी सचिव टी रविकांत ने कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। समन्वय के अभाव में कोई कार्य टाइम पर पूरा नहीं होता है तो यह अच्छी स्थितियां नहीं कही जा सकती। उन्होंने जिला कलक्टर नमित मेहता को उदयपुर से जुड़ी सभी बजट घोषणाओं की टाइम लाइन शीट तैयार कराने के निर्देश दिए। इसमें घोषणा से जुड़े सभी कार्यों यथा प्रस्ताव, भूमि आवंटन, टेण्डर, वर्कऑर्डर आदि का अनुमानित तिथि सहित उल्लेख हो। टाइम लाइन शीट अनुसार ही समय-समय पर कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में प्रशासन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए साइट विजिट कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए निस्तारित कराने के भी निर्देश दिए। प्रारंभ में जिला कलक्टर नमित मेहता ने प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव का स्वागत करते हुए राज्य बजट में उदयपुर के लिए हुई घोषणाओं की जानकारी दी। एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने संचालन करते हुए विभाग वार बजट घोषणाओं पर चर्चा की। प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बजट घोषणा की क्रियान्विति को लेकर विभाग स्तर पर अब तक की तैयारियों, भूमि की आवश्यकता, भूमि आवंटन से जुड़े प्रस्तावों, राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यवाही आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, युडीए आयुक्त राहुल जैन, सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्य बजट में उदयपुर में नाइट टूरिज्म को बढावा देने की घोषणा की गई है। बैठक में शहर विधायक ताराचंद जैन ने अवगत कराया कि उदयपुर में पर्यटकों के लिए रात्रि में भोजन आदि की बड़ी समस्या लंबे समय से चली आ रही है। पूर्व में रोडवेज परिसर में कैफे के लिए प्रयास हुए, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव के निर्देश पर जिला कलक्टर ने युडीए, नगर निगम, स्मार्ट सिटी व पर्यटन विभाग के साथ बैठक कर नाइट टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए स्थान चिन्हित किए जाने तथा कैफे एरिया भी तय करने की बात कही। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बजट में उदयपुर क्षेत्र के लिए घोषित टाइबल पर्यटन सर्किट में डूंगरपुर के देवसोमनाथ मंदिर और शीतलामाता को भी शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दोनों स्थल जन आस्था के बड़े केंद्र हैं। पुरानी लंबित घोषणाओं को पूरा कराएं बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पिछले सत्र के बजट में घोषित कुछ कार्य प्रारंभ नहीं होने की जानकारी दी। इस पर प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव ने इसे गंभीरता से लिया। जिला कलक्टर को ऐसे सभी कार्यों को चिन्हित करने, इससे जुड़े इशू को साल्व कराकर जल्द से जल्द क्रियान्विति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव टी रविकांत ने बजट में उदयपुर के लिए स्वास्थ्य से जुडी घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता बरतते हुए कई घोषणाएं की हैं। इन सभी की क्रियान्विति प्राथमिकता से होनी चाहिए, ताकि आमजन को उसका त्वरित लाभ मिल सके।

# देवास संग्रहालय की पुरातात्त्विक तीर्थंकर प्रतिमाएँ

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर

● पदमावत मीडिया

शासकीय जिला पुरातत्त्व संग्रहालय देवास (मध्यप्रदेश) में अन्य प्रतिमाओं के साथ कुछ पुरातात्त्विक एवं ऐतिहासिक महत्व की तीर्थंकर प्रतिमाएँ भी संग्रहीत हैं। हमने वास्तुविद् देवेन्द्र सिंघई एवं अनुभव जैन के साथ दिनांक 8 फरवरी 2025 को देवास के राज्यकीय संग्रहालय का सर्वेक्षण कर प्रतिमाओं के परिचय व छायाचित्र प्राप्त किये उनमें से पाँच प्रतिमाओं का परिचय इस प्रकार है- चतुर्मूर्तिका कायोत्सर्ग तीर्थंकर प्रतिमा- चतुर्मूर्तिका सिद्धासन में कायोत्सर्गस्थ प्रतिमा बड़ी मनोहर व पुरातात्त्विक महत्व की है। श्याम पाषाण की यह तीर्थंकर मूर्ति साधारण पादपीठ पर आसीन है। इस नग्न दिगम्बर प्रतिमा के उदर पर त्रिवली रेखांकित है, वक्ष पर सुन्दर कलात्मक श्रीवत्स उकरित है, पादपीठ के समानान्तर दोनों पार्श्वों में चामरधारी अनुचर हैं, उनका उत्सेध मुख्य प्रतिमा के कराग्र तक है। प्रतिमा के कर्ण स्कंधों को स्पर्शित हैं। घुंघराले केश शिल्पित हैं, मस्तक के दोनों ओर अशोक-पत्र लटक रहे हैं, शिरोपरि त्रिछत्र शिल्पित है। इस प्रतिमा के परिकर में दक्षिण भाग में नीचे एक कायोत्सर्गस्थ जिन-प्रतिमा है, उससे ऊपर पऽासनस्थ लघु जिन प्रतिमा और उससे भी ऊपर एक और पऽासना लघु जिन प्रतिमा है। इसके वाम भाग के परिकर की स्थिति भिन्न है। पूर्ण आभूषण भूषित एक बड़ा सा चामरधारी है, ऊपर वितान माध्यधारी देव युगल है। माल्यधारी और चामरधरी देव की स्थिति वर्तमान मुख्य प्रतिमा से विपरीत दिशा की ओर है, इससे ज्ञात होता है कि प्रस्तुत शिलाखण्ड किसी अन्य बड़ी पऽासन प्रतिमा के दाहिनी ओर का भाग है। त्रिमूर्तिका कायोत्सर्ग तीर्थंकर प्रतिमा- देवास के राज्यकीय संग्रहालय परिसर में खुले स्थान में कुछ अन्य मूर्तियों के समान इस मूर्ति को भी प्रदर्शित किया गया है। इसका पाषाण क्षरित हो जाने से इसकी पूर्ण स्पष्टता नष्ट हो गई है, तथापि उष्णीष आदि सभी अंग दृष्ट हैं। प्रभावल, छत्रत्रय, पार्श्वों में चँवर वाहक




अनुगामी, पुष्पवर्षक माल्यधारी देव शिल्पित हैं। इस प्रतिमा के दाहिनी ओर के परिकर में बाह्य भाग में एक के ऊपर एक के क्रम में दो लघु कायोत्सर्गस्थ जिन प्रतिमा हैं। परिकर में बायीं ओर के चामरधारी के निकट एक खड़ी हुई स्त्री-आकृति है, क्षरित होने से उसकी विशेषताएं अदृष्ट हैं। ऊपर में एक शार्दूल शिल्पित है। पंचतीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा वितान- यह प्रतिमा स्वयं में महत्वपूर्ण व कलात्मक है। इसमें स्वतंत्र देवकुलिकाओं में समानान्तर पाँच तीर्थंकर प्रतिमाएँ शिल्पित हैं। मध्यस्थ प्रतिमा सभी से कुछ बड़ी है, यह पऽासनस्थ है। इसका सुन्दर तोरण है, घुटने देवकुलिका से बाहर हैं, जिससे देवकुलिका ज्यादा चौड़ा स्थान न ले। मध्यस्थ प्रतिमा के दोनों ओर की देवकुलिकाओं में कायोत्सर्गस्थ जिन शिल्पित हैं और उनके बाह्य भाग की एक-एक देवकुलिका में पद्मासस्थ जिन तीर्थंकर हैं। इन बाह्य प्रतिमाओं में बायीं ओर की प्रतिमा का शिर पाँच सर्पफणों से आच्छादित है और दायीं ओर की प्रतिमा का शिर सप्त सर्पफणों से अटोपित है।

इससे इनकी पहचान सुपार्श्वनाथ और पार्श्वनाथ तीर्थंकर के रूप में होती है। देवास संग्रहालय में इस प्रतिमा के परिचय में इसे- ''द्विभुजी देवांगना'' लिखा है। समय- 12-13वीं शती ईस्वी और प्राप्ति स्थान- गंधर्वपुरी लिखा है। अब एक बात तो निश्चित है कि यह देवांगना नहीं है, फिर इसे यहाँ 'द्विभुजी देवांगना' क्यों लिखा गया है, क्या त्रुटिवश लिख दिया गया है, या कि यह किसी अन्य प्रतिमा का वितान भाग होने के कारण लिखा है। और इसमें पाँच तीर्थंकर स्पष्ट हैं। एक और संभावना यह बनती है कि गंधर्वपुरी में जो स्वतंत्र तीर्थंकरानुगामनी देवी प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं, उनमें से अधिकांश के वितान में पाँच तीर्थंकर प्रतिमाएँ हैं, जहाँ से यह प्राप्त हुई है वहाँ प्राप्ति स्थल में द्विभुज वाली शासन देवी के साथ यह वितान रहा हो, इस कारण इसे 'द्विभुजी देवांगना' लिखा गया हो। खण्डित तीर्थंकर प्रतिमा प्रथम- श्याम पाषाण में निर्मित परिकर रहित पऽासनस्थ इस प्रतिमा का शिर व दोनों भुजाएँ खण्डित और अप्राप्त हैं। पादपीठ पर मध्य में व दोनों छोरों पर श्रीवत्स की तरह पुष्पकलिकाएँ उत्कीर्णित हैं। एक अतिरिक्त पऽ-पुष्प पादपीठ पर ऊपर की ओर अलग से रेखीकृत है। जो संभवतः तीर्थंकर पऽप्रभ का लांछन है। इस प्रतिमा के पादपीठ पर तीन पंक्तियों में अभिलेख है। जिसमें ''संवत् 1221 माघ वदि 5'' स्पष्ट है। खण्डित तीर्थंकर प्रतिमा द्वितीय- श्याम पाषाण में निर्मित इस प्रतिमा की स्थिति भी लगभग प्रथम प्रतिमा के समान ही है। इसके पादपीठ पर लघु अभिलेख है, जिसमें लिखा है- ''...मु कोकाझाला संमतु 1178''। और भी अनेक पुरातात्त्विक महत्वपूर्ण प्रतिमाएँ देवास संग्रहालय में संरक्षित हैं।

## वीरों का सम्मान फटे हुए पोस्टर के ज़रिए, क्या समय से हटाया नहीं जाना चाहिए ?

# फतेहसागर झील पर लगे विशाल फ्लेक्स बोर्ड और सूचना बोर्ड बने सौंदर्य और दृश्य बाधक








● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। लेकिन हाल ही में फतेहसागर झील के किनारे लगाए गए बड़े-बड़े फ्लेक्स बोर्ड न सिर्फ शहर के सौंदर्य पर असर डाल रहे हैं, बल्कि पर्यटन को भी प्रभावित कर रहे हैं। वीरों के सम्मान में लगाया गया पोस्टर और दूसरे राजनीतिक नेताओं के बैनर जगह-जगह फटे हुए नजर आ रहे हैं, जो न केवल अव्यवस्था और बदसूरती को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि झील के खुले और सुरम्य नज़ारे को भी बाधित कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है—क्या ऐसा सम्मान शहर की प्राकृतिक सुंदरता की कीमत पर होना चाहिए ? होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्टीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत का मानना है कि फतेहसागर झील जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर अनियंत्रित तरीके से फ्लेक्स और होर्डिंग्स लगाने से न सिर्फ दृश्यता प्रभावित होती है, बल्कि शहर की पहचान भी कमजोर पड़ती है। इन्हें झील की सुंदरता के लिए बाधा ना बनाते हुए उपयुक्त स्थान पर लगाना चाहिए, दृश्य बाधित करता हुआ यह बेतरतीब तरीका ठीक नहीं है । पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने इस तरह की अनियोजित विज्ञापन संस्कृति पर कड़ा ऐतराज जताया है और नगर निगम से मांग की है कि वह इस पर ठोस कदम उठाए। सच्चा सम्मान वही होता है, जो शहर की खूबसूरती को संवारता है, न कि उसे बिगाड़ता है। अब समय आ गया है कि हम जमीनी स्तर पर पर्यटन की आवश्यकताओं को समझें और एक सार्थक बदलाव की मांग करें। नगर निगम और प्रशासन को चाहिए कि वे जिम्मेदार और सौंदर्यपरक समाधान अपनाएं ताकि उदयपुर की विरासत को सही तरीके से संजोया जा सके।

## महा शिव रात्रि पर बन रहा है अद्भुत त्रिवेणी योग : शास्त्री

● पदमावत मीडिया

भीनमाल । श्रीदर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि इस वर्ष महा शिवरात्रि को सूर्य, बुध, शनि का कुंभ राशि पर त्रिवेणी योग बन रहा है ।

जिसका विश्व राजनीति पर व्यापक असर होगा। बुधवार को प्रातः 11.10 पर चतुर्दशी प्रारंभ होकर गुरुवार 08.56 तक रहेगी। इस दिन श्रवण धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ व शिव योग रहेगा। गरूड पुराण के अनुसार शिवरात्रि से एक दिन पूर्व त्रयोदशी तिथि में शिवजी की पूजा करनी चाहिए और व्रत का संकल्प लेना चाहिए । इसके उपरांत चतुर्दशी तिथि को निराहार रहना चाहिए। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को गंगा जल चढ़ाने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की मूर्ति या शिवलिंग को पंचामृत से स्नान कराकर ओम नमः शिवाय मंत्र से पूजा करनी चाहिए। इसके बाद रात्रि के चारों प्रहर में शिव जी की पूजा करनी चाहिए और अगले दिन प्रातः काल ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देकर व्रत का पारणा करना चाहिए। त्रिवेदी ने बताया कि भगवान शिव की पूजा अर्चन करने के लिए यह दिन सबसे शुभ होता है। वैसे प्रतिमास शिवरात्रि आती है, परन्तु सबसे बड़ी शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहते है। सूर्य के कुंभ राशि में प्रवेश के बाद महाशिवरात्रि का आगमन होता है। भगवान शिव पंचमुखी होकर 10 भुजाओं से युक्त है एवं पृथ्वी, आकाश और पाताल तीनों लोकां के एक मात्र स्वामी है। शिव का ज्योतिर्मय रूप भौतिकी शिव के नाम से जाना जाता है । जिसकी हम सभी आराधना करते है। ज्योतिर्मय शिव पंचतत्वों से निर्मित है। भौतिकी शिव का वैदिक रीति से अभिषेक एवं स्तुति आदि से स्तवन किया जाता है। तत्वों के आधार पर शिव परिवार के वाहन सुनिश्चित है। शिव स्वयं पंचतत्व मिश्रित जल प्रधान है। इनका वाहन नंदी आकाश तत्व की प्रधानता लिए हुए है। शिव दर्शन करने के पूर्व नंदीदेव के सींगों के बीच में से शिव दर्शन करते है। क्योंकि शिव ज्योतिर्मय भी है और सीधे दर्शन करने पर उनका तेज सहन नहीं किया जा सकता है। नंदी देव आकाश तत्व होने से वे शिव के तेज को सहन करने की पूर्ण क्षमता रखते है। माता गौरी अग्नि तत्व की प्रधानता लिए हुए है। इनका वाहन सिंह भी अग्नितत्व है। स्वामी कार्तिकेय वायु तत्व है, जिनका वाहन मयूर भी वायुतत्व है।

गणेश पृथ्वी तत्व एवं इनका वाहन मूषक भी पृथ्वी तत्व है। भगवान शिव को शंख से जल, केतकी का पुष्प तथा कंकु नहीं चढ़ाना चाहिए। परन्तु शिवरात्रि को अर्धरात्रि के समय सूखा कंकु चढ़ाया जा सकता है। हरतालिका को केतकी का पुष्प। शिवपूजन निशिथकाल अर्धरात्रि 12.26 से 01.08 तक रहेगा । शिवजी के विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक के फल, जल से वृष्टि, कुशोदक से व्याधि शान्ति, इक्षुरस से श्री की प्राप्ति, दुध से पुत्र प्राप्ति, जलधारा से ज्वर शान्ति, वंश वृद्धि के लिए घृतधारा, शर्करा युक्त दुध से बुद्धि का विकास, सरसों के तेल से शत्रु नाश, मधु से राज्य प्राप्ति होती है। शिवजी को प्रिय है - आक, बिल्वपत्र, देशी घी, भांग, चीनी, दूध, दही, इत्र और केसर।

## मोदरान पुलिस चौकी में सीएलजी बैठक मे मेले व शांति वार्ता को लेकर चर्चाः जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान



● पदमावत मीडिया

**मोदरान।** जालोर जिले के रामसीन थाने के अंतर्गत मोदरान पुलिस चौकी में रविवार को पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के नेतृत्व में रामसीन पुलिस थाना अधिकारी तेजूसिंह ने सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी और ग्राम रक्षक सदस्यों के साथ ग्रामीण जनता के साथ बैठक आयोजित किया। इस बैठक में सुरक्षा सखीयों के नहीं आने पर चौकी प्रभारी को सवाल जबाव किया । रामसीन सर्किल थाना अधिकारी तेजूसिंह की मौजूदगी बैठक में मोदरान रेलवे स्टेशन की यातायात जाम व सडक पर पार्किंग नहीं करने ईत्यादि व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। थाना प्रभारी सिंह ने पुलिस चौकी प्रभारी भुराराम से आदेश देकर जल्द से जल्द जाम वाले चौराहों व सडक मार्ग पर पुलिस यातायात व्यवस्था सुचारू करने की बात कहा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को सुधारने में जनता का सहयोग जरूरी है। लोगों से अपील की गई कि वे अपनी गाड़ियों को नियमों के अनुसार सडक पर नहीं खड़ी करें, जिससे व्यापारियों और दुकानदारों को कानूनी कार्रवाई का सामना न करना पड़े। आगामी होली व अन्य त्योहारों की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मोदरान में श्री आशापुरी माताजी का विशाल मेले के आयोजन व होली मिलन समारोह को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर दिया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कार्यक्रम एवं गांव में हो रही चोरीयो को रोकने के लिए सभी मिलकर व ग्राम पंचायत मिलकर कैमरे लगाने बारे बात रखी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें हेलमेट का उपयोग करें ताकि आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना कम हो सकती है सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा मंदिर है इसलिए विशेष करके मंदिरों में विशेष कार्यक्रम या त्योहार पर ही भगवान का श्रृंगार आभूषण से करें ताकि मन्दिरो में चोरीया न हो इस बात पर विषेश ध्यान देना चाहिए। सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में सभी सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइड के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम मंगलवार को

● पदमावत मीडिया




**भीनमाल।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ, विप्र फाउंडेशन जालोर, खेतावत फाइनेंस की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार से आयोजित किया जायेगा । ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम को लेकर जन जागरूकता रैली एवं विविध विद्यालय में प्रतियोगिताओ का आयोजन भी होगा। राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय, चाणक्य विद्यापीठ, केरियर एकेडमी, दिव्य ज्योति स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, संतोषी माता स्कूल, ज्ञान दीप विद्यालय, जय हिन्द पब्लिक स्कूल, जुंजानी, भादरडा, कावतरा सहित स्थानीय स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मंगलवार को खेतावत मैरिज हॉल में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में निबंध, रंगोली, पोस्टर, मॉडल, रैली और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल होंगी। एडवोकेट भंवरसिंह देवड़ा, डॉ अक्षय बोहरा, माणकमल भंडारी, जबराराम भाटी, जब्बार खां कादरी, निंबाराम चौधरी, सांवलसिंह लोल, शांतिलाल जीनगर, मनोज दवे, डॉ किशोर माली, नरेश सुन्देशा, विष्णुदत्त व्यास, रेवत जांगिड़, भंवरलाल विश्नोई, मदन माली, हरीशकुमार द्वारा विविध विद्यालयो से संपर्क कर ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं ढ्ढ डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं के समाधान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# परिणामोन्मुख हो कार्य योजना, टाइमलाइन पर करें सभी कार्य पूणरू जिला प्रभारी मंत्री राजेंद्र नायक

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर।** बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऐसी कार्य योजना बनाएं जो परिणामोन्मुख हो तथा समय पर कार्य को पूर्ण करें। यह निर्देश जिला प्रभारी मंत्री एवं अध्यक्ष राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग श्री राजेंद्र नायक ने रविवार को जिला परिषद की ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विधायक सागवाड़ा शंकर डेचा भी मौजूद रहें। बजट घोषणाओं के समय पर क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का कार्य जिले का विकास करना है। उन्होंने कहा कि घोषणाओं का लाभ आमजन को मिल सकें इस हेतु टाइमलाइन पर काम पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 में की गई घोषणाओं बजट घोषणा 2024- 25 में अब तक हुई कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए जिन घोषणाओं में उच्च स्तर पर लंबित है ऐसी स्थिति में लगातार कम्युनिकेशन करते हुए, उच्च अधिकारियों से संपर्क कर उनका मार्गदर्शन लेकर शीघ्रता से कार्य करवाने की निर्देश दिए। जो कार्य प्रगति रत है, उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने, योजनाओं में पात्र व्यक्तियों पर फोकस करने, योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शिविर आयोजित करने, आमजन को जागरूक करने, जिन बजट घोषणाओं के तहत निर्माण कार्य हो रहे है उन पर सतत निरीक्षण कर स्टेप वाइज भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री राजेंद्र नायक तथा विधायक सागवाड़ा शंकर डेचा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला कलक्टर सिंह ने बजट घोषणा 2025-26 के तहत डूंगरपुर जिले से संबंधित कुल 22 बजट घोषणा की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें से 9 बजट घोषणा में भूमि आवंटन की आवश्यकता रहेगी तथा तेरह प्रकरणों में भूमि की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है यथा 33ध् 11 केवी जीएसएस सागवाड़ा, दिवड़ा छोटा, करावाड़ा, उप स्वास्थ्य केंद्र डेचा, कराडा, मांडली, डूंगरपुर में महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास, झलाई सीमलवाडा में जनजाति आश्रम छात्रावास, जिला मुख्यालय पर वेस्ट टू वेल्थ पार्क आदि हेतु संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर भूमि चिन्हीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा शहर में रिंग रोड निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने, बेणेश्वर धाम को त्रिवेणी संगम के रूप में विकसित करने, डूंगरपुर महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव आयुक्तालय को भिजवाने, जिला चिकित्सालय में डायबीटिक क्लिनिक स्थापित किए जाने, जिला चिकित्सालय में हीमोडायलिसिस हेतु दस बेड उपलब्ध करवाने, डे केयर सेंटर, खाद्य प्रयोगशाला स्थापित करने, 50 लाख रुपए की लागत से मोरन नदी को पुनर्जीवित करते हुए खड़गदा गांव का विकास, गोरेश्वर महादेव पर नीलकंठ महादेव का सौंदर्य करण करने हेतु डीपीआर बनवाए जाने, 150 करोड़ की लागत से डूंगरपुर जिले में माही बेसिन नदी पर वमासा, पादरडी बड़ी, एनीकटो का निर्माण, एवं हनुमान वाला, वगेरी एवं भुवासा एनीकटो पर सौर ऊर्जा आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने, वमासा, पाडलिया (सागवाड़ा) एनीकट के निर्माण एवं जीर्णोद्धार, बोर का भाटाडा चौरासी में तालाब मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य, प्रमुख स्थानों पर मिलेट्स उत्पाद आउटलेट्स खोलने, सीमलवाड़ा डूंगरपुर में कृषि उपज मंडी, जिला मुख्यालय पर वेस्ट टू वेल्थ पार्क स्थापित करने आदि बजट घोषणाओं के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत करवाया।

## चार सौ से अधिक यात्रियों को करवाया कुंभ स्नान




● पदमावत मीडिया

संवाददाताः दीपक शर्मा

**कानोड़ ।** नगर पालिका क्षेत्र ब्रह्मपुरी से तीर्थ राज प्रयाग के कुंभ के पवित्र त्रिवेणी संगम स्नान के लिए लगभग चार सो लोगों ने पवित्र संगम में डूबकी लगा चूके है, ओर यह पवित्र काम किया है चौबीसा समाज के मुकेश पुरोहित, शिव नारायण पुरोहित ओर मुकेश जोशी ने तीनों ही युवाओं ने तय किया कि 144 साल के इस दुर्लभ योग में प्रयाग के संगम में न सिर्फ वह डूबकी लगाएंगे वरन सैकड़ो लोगों को प्रयाग स्नान का लाभ देगे। तीनों युवाओं ने मकर संक्रान्ति से अनवरत यात्रियों को प्रयाग ले जाने का काम जारी रखा ओर अबतक चार सो से अधिक लोगों को प्रयाग के संगम तट पर स्नान करवा चुके है । इस यात्रा में तीनों युवाओं ने यात्रियों से न्यूनतम किराया ही लिया जिसमें भोजन आवास की व्यवस्था भी की । यात्रियों को रामजन्म भूमि, कृष्ण जन्म भूमि व वाराणासी के विश्वनाथ दर्शन भी करवाए गए। तीनों युवाओं की प्रशंसा करते हुए चौबीसा समाज के हरि प्रसाद ने बताया कि कुंभ की अद्भुत व्यवस्था है वहा किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं है ओर इन तीनों युवाओं ने अधिकाधिक यात्रियों को प्रयाग के कुंभ में स्नान करवाकर श्रेष्ठ काम किया है । ब्रह्मपुरी से तो अधिकांश परिवार के सदस्य प्रयाग के कुंभ में डूबकी लगा चूके है। नगर के कई लोगों ने अपनी अपनी व्यवस्था से भी प्रयाग जाकर कुंभ में डूबकी लगाई है ।

## विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दी शहर को कई सौगातें

# विभिन्न विकास कार्यों का विधायक माहेश्वरी ने किया लोकार्पण:शिलान्यास

● पदमावत मीडिया




**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी द्वारा नगर परिषद के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति अशोक टांक, आयुक्त बृजेश राय, अधिशाषी अभियंता तरुण कुमार बायती सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। आयुक्त राय ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पानी की टंकी से जे.के. सर्कल तक रोड डिवाइडर के बीच विद्युत पोल एवं लाइट लगाने का कार्य 47 लाख की लागत से पूरा किया गया, जिसका लोकार्पण विधायक दीप्ति माहेश्वरी द्वारा बटन दबाकर किया गया। इसके अलावा, पलेवा मंगरी स्थित जागृति सेवा संस्थान में छात्रावास निर्माण के तहत 4 कमरे एवं 1 हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी कुल लागत 21 लाख है। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, आर.के. राजकीय चिकित्सालय, राजसमंद में केवल महिलाओं के लिए 6 सीटर पिंक टॉयलेट का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया, जिसकी लागत 22 लाख है। यह पिंक टॉयलेट पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित होगा और केवल महिलाओं के उपयोग के लिए होगा। इन विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद विधायक माहेश्वरी ने भवानी नगर कॉलोनी का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी विकासात्मक आवश्यकताओं को समझा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगर परिषद के उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, स्थानीय पार्षद मांगीलाल टांक, दीपक शर्मा, पुष्कर श्रीमाली, सूर्य प्रकाश जांगिड़, समाजसेवी मोहन कुमावत, पूर्व सभापति दिनेश पालीवाल, महेश पालीवाल, अशोक रांका, सुरेशचंद्र पालीवाल, दिनेश कुमावत, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक सहित कई नागरिक एवं पार्षद उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर परिषद ने शहर के विकास को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।